घूमता आईना
Ghoomta Aina "Around the World"

उत्तर प्रदेश | स्पॉट लाइट | अपराध और दंड | सिनेमा | पोस्टमार्टम | विविध | मन की बात | Donate | YouTube

डॉ भरत राज सिंह की पुस्तक "सुपरब्रेन योग व ध्यान" का विमोचन

14 August 2024

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ भरत राज सिंह द्वारा लिखित पुस्तक सुपरब्रेन योग व ध्यान का किया विमोचन

लखनऊ।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 22 वें दीक्षांत समारोह दिनांक 13 अगस्त 2024 मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेंयी बहुउद्देश्सीय सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह में कुल 47,269 उपाधियों का वितरण, व 91 पदक वितरित किये गये तथा शोध के लिए 46 शोधार्थी विद्यार्थियों ने उपाधि भी प्राप्त की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यापकों द्वारा रचित पुस्तकों का विमोचन कुलाधिपति ने किया। जिसमें डॉ भरत राज सिंह द्वारा लिखित पुस्तक सुपरब्रेन योग व ध्यान जो स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट सांइस, लखनऊ के वैदिक विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में लुलु प्रेस पब्लिकशन, अमेरिका से प्रकाशित है, का भी विमोचन हुआ। यह पुस्तक विश्व के 8 भाषाओं में अनुवादित हो चुकी है और विद्यार्थियों, बुजुर्गों तथा सभी उम्र के लोगों के लिये अत्यंत उपयोगी है। इसके लिये संस्थान के सचिव व मुख्यकार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह, *वैदिक विज्ञान केंद्र को उच्च स्थान पर पहुचाने* में प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान स्किल्ड बनाएं तथा छात्र छात्राएं अपने अर्जित ज्ञान से दुनिया में स्वयं को सिद्ध करें तथा अपने बुद्धिमत्ता, विचार और नेतृत्व से विकास की नई गाथा लिखें। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वर्ष 2047 तक विकसित भारत अभियान का सपना साकार करने में युवा अपनी भागीदारी का निर्वाह करें। उन्होने संस्थान में पौधरोपण भी किया गया।

---

https://ghoomtaaina.in/the-book-superbrain-yoga-and-meditation-written-by-dr-bharat-raj-singh-published-by-lulu-press-publication-usa-under-the-aegis-of-vedic-science-center-school-of-management-science-lucknow-was-al/